हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 सिंघार ने उठाए सरकार और आबकारी विभाग पर सवाल...



07 'महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सत्य, धर्म, न्याय व उच्च आदर्शों...



मां बगलामुखी लोक के प्रथम चरण के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया भूमि पूजन

धर्मिक स्थल हमारी आस्था का केंद्र होते हैं, जहां जाने से हमें नई ऊर्जा प्राप्त होती है: सीएम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद 14 अलग-अलग धर्मिक स्थलों के लिए हजारों करोड़ के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इन धार्मिक स्थलों में नलखेड़ा का मां बगलामुखी लोक भी शामिल है जहां प्रथम चरण में 85 करोड़ 40 लाख के विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं इनका लाभ यहां आने वाले श्रद्धालु भक्तों को मिलेगा। सभी धर्मिक स्थल हमारी आस्था व श्रद्धा के लिए विशेष है, जहां पर जाकर हमें नई ऊर्जा और शक्ति प्राप्त होती है। नलखेड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी की धरा पर बनने वाले बगलामुखी देवी लोक के प्रथम चरण के अंतर्गत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन समारोह में भाग लेने आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां बात उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुऐ कहीं। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा की बगला मुखी का यहां स्थान पवित्र उत्कृष्ट आनंद देने वाला है। माता सभी की मनोकामना पूर्ण करती है, जय- विजय का वरदान देती है। आज मां के आंगन में सिंहस्थ के पूर्व धूमधाम से भूमि पूजन का यहां समारोह आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा की आस्था और ऊर्जा की नगरी मां बगलामुखी का यहां धाम है, भक्त मां के पास आकर मन की मुरादे प्राप्त करते है। मां का आशीर्वाद जब मिलता है तो दिल खोल कर मिलता है। श्री यादव ने कहा की महाकाल लोक के बाद मालवा अंचल बदला है,अब मां का देवी लोक बनने जा रहा है। प्रथम चरण में ही 85 .40 करोड़ के कार्य करवाए जा रहे हैं।



आमला नलखेड़ा मार्ग को फोरलेन बनाया जाएगा

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गत दिनों बगलामुखी मंदिर आए उड़ीसा राज्य के श्रद्धालुओं की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि दर्शनार्थी माता मंदिर पर आये और किसी कारणवश दुर्घटना होती है तो हम सभी को दर्द होता है। आगे से इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ती न हो इसके लिए नई पुलिया और मार्ग चोड़ीकरण का कार्य भी करवाया जाएगा। मां बगलामुखी मंदिर आने जाने के लिए नया बायपास भी बनाया जा रहा है। वहीं आमला नलखेड़ा मार्ग को फोरलेन बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने दिग्विजयसिंह को घेरते हुवे आरोप लगाया की राम मंदिर और भगवान के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले और रामजन्म भूमि के सबूत मांगने वाले अब सनातन यात्रा निकाल रहे है।

देवी लोक क्षेत्र के लिए बड़ी सौगातः सांसद नागर

सभा को क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने भी संबोधित करते मां बगलामुखी देवी लोक के इस कार्य को नगर के लिए एक बहुत बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि इसके पूर्ण होने के बाद माता मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो जावेगी। भूमि पूजन के इस समारोह में आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान,सांसद रोडमल नागर, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू , भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, आगर विधायक मधु गहलोत, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, फूलचंद वेदिया, गोपाल परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप सकलेचा, उदयसिंह यादव,जिला महामंत्री द्वय रामेश्वर तेजरा व मयंक राजपूत, अशोक लोढ़ा, पवन वेदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, धरोला मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह चंद्रावत, नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी, सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष साक्षी सकलेचा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर दीप प्रज्वलित किया गया। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजा की अर्चना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भूमि पूजन समारोह के पूर्व मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना कर दर्शन किए तथा माता रानी से प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी गोपाल दास पंडा जी द्वारा मुख्यमंत्री को चुनर ओढ़ाकर उन्हें तलवार भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नलखेड़ा हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



नलखेड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नलखेड़ा आगमन पर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, राजगढ़-सुसनेर सांसद श रोडमल नागर, विधायक माधव सिंह (मधु) गेहलोत, सुसनेर विधायक भेरूसिंह बापू, जयदीप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरू सिंह चौहान, गोविंद सिंह बरखेड़ी, चिंतामन राठौर, दिलीप सकलेचा, प्रेम यादव एवं बाबूलाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान संभागायुक्त उज्जैन आशीष सिंह, एडीजीपी राकेश कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की घोषणा को मूर्तरूप के लिए सौंपा स्मरण पत्र

नलखेड़ा। 20 दिसम्बर 2024 को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा माँ बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की घोषणा की गई थी जिसे मूर्तरूप देने के लिए जन समस्या निवारण मंच के संयोजक लोकेश गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र सौपा गया। सौंपे गए स्मरण पत्र में बताया गया कि 20 दिसम्बर 2024 को सुसनेर के समीप ग्राम पाल्दा में सौर ऊर्जा परियोजना के लोकार्पण समारोह में आपके द्वारा नलखेड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जुड़वाने की घोषणा की गई थी। माननीय महोदय उक्त घोषणा को लगभग 20 माह हो जाने के बाद भी इस पर अमल के लिए कोई आवश्यक कदम नही उठाये गए है। स्मरण पत्र में निवेदन किया गया कि आपके द्वारा की गई घोषणा पर अमल हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे। आपकी प्राथमिकता है कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को सड़क मार्ग के साथ साथ रेल मार्ग व हवाई मार्ग से भी जोडा जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आपके छोटे से प्रयास की आवश्यकता है जिससे उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के माध्यम से मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ा जा सकता है। स्मरण पत्र में बताया कि उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए पूर्व में जो सर्वे हुआ था उसमें आगर से इंदौर कोटा मार्ग के पश्चिम दिशा में किया गया था, इसे केवल इंदौर कोटा राजमार्ग के पूर्व दिशा से निकालने पर मां बगलामुखी मंदिर रेल मार्ग से जुड़ सकता है। मां बगलामुखी मंदिर रेल मार्ग से जुड़ जाने से यहाँ प्रतिदिन आने वाले हजारों दर्शनार्थियों को आवागमन बेहद सुविधाजनक हो जाएगा। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्मरण करवाया गया कि मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की अपनी घोषणा पर अमल करवाने की कार्यवाही प्रारम्भ करवाये।

नलखेड़ा तहसील को अनुविभाग का दर्जा प्रदान करने की मांग का सौंपा ज्ञापन

नलखेड़ा। अभिभाषक संघ नलखेड़ा द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को नलखेड़ा तहसील को अनुविभाग का दर्जा प्रदान करने की मांग का एक ज्ञापन सौपा गया। सोमवार को माँ बगलामुखी लोक के प्रथम चरण का भूमि पूजन करने नलखेड़ा पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को स्थानीय अभिभाषक संघ के सदस्यों द्वारा एक ज्ञापन सौपा गया जिसमें बताया गया कि आगर जिले की तहसील नलखेड़ा को अनुविभाग बनाने की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान में नलखेड़ा तहसील सुसनेर अनुविभाग में शामिल है। जहाँ एसडीएम कोर्ट में आने जाने के लिए पक्षकारों व अभिभाषकों का जहाँ समय बर्बाद होता है वही आर्थिक रूप से भी बोझ बढ़ता है। इसके साथ ही अन्य मामलों में अनुविभागीय कार्यालय आना जाना आम नागरिकों को महंगा पड़ता है। ज्ञापन में बताया गया कि नलखेड़ा तहसील में 102 ग्राम शामिल होने के साथ ही यहाँ की आबादी लगभग डेढ़ लाख है। यहाँ अनुविभागीय कार्यालय के लिए पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। आगर जिले के गठन के दौरान भी नलखेड़ा को अनुविभाग बनाने के लिए लगभग 125 दावे प्रस्तुत किये गए थे लेकिन उस समय उक्त दावे पर निर्णय नही हो पाया था। तब से लगाकर आज तक विभिन्न स्तरों पर नलखेड़ा को अनुविभाग बनाने की मांग की जाती रही है। जोकि नलखेड़ा क्षेत्र के लिए अतिआवश्यक है। ज्ञापन में नलखेड़ा को अनुविभाग बनाये जाने की मांग की गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौपा मांग पत्र

नलखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष द्वारा नगरागमन पर मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौपा गया जिसमें विभिन्न विकास कार्यो की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई। सोमवार को माँ बगलामुखी लोक के प्रथम चरण के भूमिपूजन के लिए नलखेड़ा पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा एक मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र में प्रमुख रूप से माँ बगलामुखी मंदिर के प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया जाने, नलखेड़ा को अनुविभाग का दर्जा प्रदान किये जाने, नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुवे आमला-नलखेड़ा मार्ग पर लसुलड़िया जोड़ से लसुलड़िया जोड़ तक रिंग रोड़ निर्माण करवाये जाने, बढती विद्युत मांग को देखते हुवे नलखेड़ा में एक अतिरिक्त विद्युत ग्रीड बनाये जाने, सुसनेर विधानसभा के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण नलखेड़ा में किये जाने, नलखेड़ा नगर में सब्जी मंडी व सब्जी मार्केट के लिए भूमि आवंटित कर निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किये जाने, माँ बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की मुख्यमंत्री की घोषणा को मूर्तरूप देने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करवाने, कुंडालिया डेम से सिंचाई के लिए छुटे तहसील के ग्रामों में पाइपलाइन डाल कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाए जाने, शासकीय महाविद्यालय में 5 लेब कक्ष का निर्माण करवाये जाने जैसी मांग की गई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने प्रेस वार्ता में कहा

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को देशव्यापी जनआंदोलन का रूप देंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मंदसौर के केंद्रीय पर्यवेक्षक चरणसिंह सापरा ने कहा कि ह्यवोट बचाओ, देश बचाओ॥ अभियान को व्यापक रूप देकर देशव्यापी जनआंदोलन बनाया जाएगा। इसी क्रम में 1 नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का संकल्प बुलंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी के माध्यम से जनादेश को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तथा लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

सापरा सोमवार को मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला प्रभारी सदाशिव यादव तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सापरा ने कहा कि ह्यवोट बचाओ, देश बचाओ॥ अभियान के तहत 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल रैली लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष में महत्वपूर्ण पड़ाव होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की निष्पक्षता, चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और नागरिकों के मताधिकार से जुड़े सवालों को अब देशव्यापी जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। जिला कांग्रेस इकाइयों को अभियान की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों को जोड़ने का आह्वान किया गया।

मतदाता सूची की विसंगतियों पर उठाए सवाल

सापरा ने मतदाता सूची से नाम हटाने और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के समक्ष विभिन्न स्तरों पर आपत्तियां दर्ज कराई गईं, लेकिन गंभीर विसंगतियों का संतोषजनक समाधान सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत सहित देश के अलग-अलग हिस्सों से वोट चोरी से संबंधित आरोप और प्रमाण सामने आने के बावजूद निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रमुख मांग है कि मतदाता सूचियों से हटाए गए 13.3 करोड़ नाम बहाल किए जाएं, विशेष गहन पुनरीक्षण (रकफ) की प्रक्रिया स्थगित की जाए तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। इसके साथ ही मतदाता सूचियों में सामने आई गंभीर विसंगतियों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराई जाए।

पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचेगा अभियान

सापरा ने कहा कि ह्यवोट बचाओ, देश बचाओ॥ अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का व्यापक प्रयास है। इसके अंतर्गत जिला कांग्रेस इकाइयां स्थानीय शिकायतों का दस्तावेजीकरण करेंगी, मतदाता सूची की विसंगतियों को सामने लाएंगी और नागरिकों को उनके मताधिकार की रक्षा के लिए जागरूक करेंगी। अभियान को पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष

सापरा ने कहा कि वर्ष 1947 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया था। आज संविधान, लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस उसी प्रतिबद्धता के साथ संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई बड़ी है, क्योंकि निर्वाचन व्यवस्था की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रभाव में आयोग काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की स्वतंत्रता और सार्वजनिक विश्वसनीयता कमजोर हुई है। श्री सापरा ने मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा उनके कार्यकाल की व्यापक जांच की मांग की।

1001 कन्याओं का पूरे आदर-सत्कार के साथ किया पूजन

श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में मां अम्बे माता का द्वितीय विशाल भंडारा संपन्न, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जगतपुरा वार्ड क्रमांक 29 स्थित बड़केश्वर महादेव मंदिर परिसर में मां अम्बे माता का द्वितीय विशाल भंडारा हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में करीब 7 से 8 हजार श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बड़े ही उत्साह के साथ भोजन प्रसादी का लाभ लिया। इस भव्य आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया और साथ ही 1001 कन्याओं का पूरे आदर-सत्कार के साथ पूजन कर उन्हें प्रसादी ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण वार्ड की छोटी बच्चियों द्वारा दी गई अनोखी और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भंडारे और धार्मिक महोत्सव में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, वर्तमान विधायक विपिन जैन, सुनील महाबली, पुलकित पटवा, कपिल भंडारी और मिथुन वप्ता विशेष रूप से सम्मिलित हुए और मां अम्बे का आशीर्वाद लिया। जगतपुरा शक्ति धार्मिक एवं सामाजिक विकास कल्याण सेवा समिति के समाजसेवी सुनील बंजारिया ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि विगत 2 वर्षों से जब से मां अम्बे माता की मूर्ति की स्थापना हुई है, तब से समिति द्वारा लगातार विशाल भंडारे, धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में समिति द्वारा पूर्व में एक विशाल निशुल्क विवाह सम्मेलन का भी शानदार आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 12 जोड़ों का पूरे विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न करवाया गया था।



महाराष्ट्र समाज मंदसौर ने शरद पूर्णिमा पर आयोजित किया सुगम संगीत कार्यक्रम

मंदसौर। महाराष्ट्र समाज, मंदसौर द्वारा शरद पूर्णिमा (कोजागिरी पूर्णिमा) के अवसर पर सुगम संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपक हरि रानडे (डीन, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर) ने भगवान श्री गणेश का पूजन कर किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने, सचिव सुधीर चांदेकर, कोषाध्यक्ष धीरज पाठक, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पागे तथा सलाहकार समिति के सदस्य प्रवीर काटे, पंकज वैशंपायन एवं विनय हुपेले द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समाज की महिला उपाध्यक्ष अर्चना अरवंदेकर ने रानडे का स्वागत किया। मुख्य अतिथि दीपक हरि रानडे ने अपने उद्बोधन में लेखन से जुड़े अनुभव और रोचक संस्मरण साझा किए तथा आमंत्रित करने के लिए समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार माना। इसके पश्चात गायक जयंत तारे ने भगवान गणेश की वंदना से संगीत संध्या का शुभारंभ किया। उन्होंने पुराने फिल्मी गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन समाज की सह-सचिव जयश्री लक्कड़ ने किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन सुभाष बुगदे सुरेश कुलकर्णी एवं राजेंद्र पाठक तथा कार्यकारिणी सदस्य वर्षा हुपेल, आरती निखाड़े और लीना गोडबोले सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



भव्य रथयात्रा का नगर में हुआ जोरदार स्वागत

शामगढ़ में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शामगढ़

नगर में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाजजनों द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भव्य रथयात्रा निकाली गई। जयंती महोत्सव को लेकर समाज के युवाओं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी की तस्वीर को आकर्षक रूप से रथ पर सजाया गया। यह भव्य रथयात्रा ढोल-धमाकों और भजनों की गूंज के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। यात्रा में बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के युवा और प्रबुद्धजन शामिल हुए, जो नाचते-गाते और उत्साह मनाते चल रहे थे।

नगर परिषद अध्यक्ष ने किया शुभारंभ और पूजन रथयात्रा की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव द्वारा भगवान वाल्मीकि जी की तस्वीर का विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर की गई। उन्होंने उपस्थित समाजजनों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दीं और रथ को आगे बढ़ाया। रतिया तो मेरे



को मुख्य मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई होली चौक पर पहुंची जहां पर महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना कर महा आरती की गई प्रसादी वितरण किया गया

जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागतः मुख्य मार्गों से गुजरते समय नगरवासियों ने रथयात्रा का फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। नगर परिषद की ओर से भी यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत अवसर पर नपा अध्यक्ष कविता यादव के साथ बंटी अश्क, गोपाल जोशी, एल्डरमैन मुकेश दानगढ़, राजेंद्र खाती पटेल, विशाल शर्मा, दीपक पुरोहित, धर्मेंद्र उपाध्याय, पिंटू चौहान, नरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

खाटू श्याम धाम में हुआ गरबा महोत्सव

देवास। अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर खाटू श्याम गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में सैकड़ों महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खाटू श्याम महिला मंडल की राधा ठाकुर के आयोजन में श्रद्धालुओं ने गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की 151 दीपों से भव्य आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात गरबा महोत्सव की शुरुआत हुई। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने गरबा नृत्य कर बाबा श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। महोत्सव में राधा ठाकुर, नीतू राठौर, बबीता कारपेंटर, सोनिया ठाकुर, नेहा मुकुट, शकुंतला सोनी, ममता वर्मा, खुशी राठौर, मुस्कान, सुमित वर्मा और शुभम सहित सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने सहभागिता की। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को खीर की प्रसादी वितरित की गई।

डॉ. अनामिका जैन अम्बर का किया स्वागत

देवास। राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अम्बर के मां चामुंडा की पावन नगरी देवास आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा जिला सह कोषाध्यक्ष एवं भाजपा टोंक मंडल मंत्री सनी जैन ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सनी जैन ने मां की चुनरी ओढ़ाकर उनका सम्मान किया तथा प्रभु महावीर जी की तस्वीर भेंट कर उनके प्रति आदर एवं सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने डॉ. अनामिका जैन अम्बर का स्वागत करते हुए उनके देवास आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

चंदाना-बिंजाना में मौतों का मामला गरमाया, नेता प्रतिपक्ष सिंघार पहुंचे चंदाना

सिंघार ने उठाए सरकार और आबकारी विभाग पर सवाल, अवैध शराब मामले में 10 गिरफ्तार

रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा मौतों का कारण, संभागायुक्त ने जांच दल किया गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के चंदाना और उसके पड़ोसी गांव बिंजाना में हुई मौतों का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर इन दोनों गांवों में 27 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच 13 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई थी। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि इनमें से कई लोगों की मौत शराब पीने के बाद हुई। वहीं, दो बीमार लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है। हालांकि, प्रशासन ने अब तक जहरीली शराब से मौत होने की पुष्टि नहीं की है। मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद बिसरा जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

मृतक परिवारों से मिले नेता प्रतिपक्ष

सोमवार शाम नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार चंदाना पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी आपबीती सुनी। परिजनों ने उनके सामने शराब सेवन को ही मौतों का कारण बताया। मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने कहा कि देवास में शराब से जुड़ी घटना के कारण 15 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं और दो लोग अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने दावा किया कि देशी शराब पीने के बाद कुछ लोगों को आंखों के सामने अंधेरा छाने, दिखाई देना बंद होने और उल्टियां होने जैसी समस्याएं हुईं, जिसके बाद कई लोगों की मौत हो गई। सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले को सामान्य मृत्यु बताकर नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने आबकारी विभाग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि विभाग की जानकारी के बिना शराब की बिक्री कैसे हो सकती है। उन्होंने आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना पर भी सवाल उठाए और मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। सिंघार ने मृतकों के प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग करते हुए कहा कि केवल शराब ठेकेदारों को पकड़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जांच होनी चाहिए कि अवैध शराब कहां बनाई जा रही थी। इससे पहले शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व पीसीसी अध्यक्ष अरुण यादव भी देवास पहुंचे थे। उन्होंने मृतकों के परिवारों से मुलाकात कर मामले में सरकार और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए थे।



दुकानों के सेल्स मैनेजर और सेल्समैन भी शामिल हैं।

अवैध शराब मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार

इधर, पुलिस ने चंदाना में अवैध शराब की बिक्री के मामले में कार्रवाई करते हुए कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 15 और 18 अक्टूबर को गांव में दो व्यक्तियों की मृत्यु होने की सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान विनोद जायसवाल द्वारा गांव में अवैध रूप से शराब बेचने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने विनोद जायसवाल को उसके दो साथियों अजय राठौर और रामेश्वर सोनगरा के साथ छह पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर सत्येंद्र ओझा, नितिन सोलंकी, चंद्रशेखर बैरागी, जुगल सिंह, राजेंद्र निनामा, विशाल चौहान और राजदेव पटेल को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में लाइसेंसी शराब

रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा मौतों का कारण

घटना की गंभीरता को देखते हुए संभागायुक्त आशीष सिंह ने पांच सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। फिलहाल मौतों और शराब सेवन के बीच संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन की जांच, एफएसएल रिपोर्ट और पुलिस विवेचना के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौतों के पीछे वास्तविक कारण क्या था और क्या इनका संबंध कथित अवैध शराब से है।

पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा शातिर चोर, दो वारदातों का खुलासा

1.44 लाख रुपए की संपत्ति बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बागली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने घर में नकबजनी की वारदात भी कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, तांबे के बर्तन और घरेलू सामान सहित कुल 1 लाख 44 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर को लोकेश खंगोड़े निवासी चासिया, हाटपीपल्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चापड़ा-बागली रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। इस पर थाना बागली में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देश पर एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन, एसडीओपी संजय सिंह बैस के निर्देशन और थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित की गई।पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर कस्बे में चोरी की मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे संदिग्ध इसरार उर्फ गोपी (25), निवासी मुकुंद मार्ग, बागली को पकड़ा। पूछताछ में उसने पेट्रोल पंप के पास से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही बागली निवासी इस्माइल खान के मकान से तांबे के बर्तन और घरेलू सामान चोरी करने की बात भी कबूल की।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 1 लाख 19 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल और 25 हजार रुपये के तांबे के बर्तन व अन्य सामान बरामद किया। कार्रवाई में एएसआई शिवराम डोडियार, रामप्रतापसिंह चौहान, विशाल चन्द्रवंशी, सुनील जर्मन का सराहनीय योगदान रहा।

शरद पूर्णिमा पर गरबा उत्सव संपन्न

देवास। माहेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मुंदड़ा एवं उत्सव मंत्री प्रहलाद चांडक ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर शानदार गरबा उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। प्रारंभ में भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति के सामने दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर पश्चिमांचल उपाध्यक्ष कैलाश डागा, पूर्व अध्यक्ष प्रहला दाड, अध्यक्ष दिनेश एम भूतड़ा, सचिव प्रदीप साबू, उपाध्यक्ष कल्याण भूतड़ा, द्वारका मंत्री सहित महिला पुरुष एवं बच्चों ने गरबा करके मां की भक्ति की।

कृषि विभाग ने बीज व खाद दुकानों की जांच की



देवास। किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग के दल द्वारा जिले में संचालित कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल बीज के 18 एवं खाद के 10 नमूने लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान महादेव कृषि सेवा केंद्र चापड़ा, बागली, शिव कृषि सेवा केंद्र बालोन, टोंकखुर्द, अंबिका कृषि सेवा केंद्र चोबाराधीरा, टोंकखुर्द, बालाजी ट्रेडिंग कन्नौद, सानवी एग्रो केमिकल्स कन्नौद, महाकाल एग्रो एजेंसी खातेगांव, मां नर्मदा इंटरप्राइजेज खातेगांव, पराग बीज उत्पादक सहकारी संस्था जियागांव, अंशुल एग्री क्लिनिक खातेगांव, कैलाशचंद धूत एंड कंपनी कन्नौद तथा भू-स्वरूपा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बागली सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।कृषि विभाग ने दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज एवं खाद उपलब्ध कराएं।

श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में सवा लाख कुंमकुमार्चन अनुष्ठान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर शिवाजी नगर मोती बंगला देवास में रविवार की शाम माँ श्री योगमाया महालक्ष्मी का भव्य कुंकुमार्चन (सवा लाख अर्चन) धार्मिक श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अनुष्ठान में 151 जोड़ों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर माँ महालक्ष्मी की आराधना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। अनुष्ठान के दौरान लगभग 125.5 किलोग्राम कुंकुम, 2 क्विंटल गेंदा पुष्प एवं 5100 कमल पुष्पों से माँ का विधि-विधानपूर्वक अर्चन किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्प सज्जा से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सूर्य प्रकाश मिश्रा के आचार्यत्व में पांच ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ यह अनुष्ठान संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए केसरिया दूध का वितरण भी किया गया।मंदिर समिति अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर आयोजित इस विशेष अनुष्ठान का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ श्रद्धालुओं को माँ महालक्ष्मी की आराधना से जोडना है।

शरद पूर्णिमा पर बना खीर का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



शरद पूर्णिमा पर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। पर्व पर घर-घर खीर बनाने की परंपरा निभाई गई। लोगों ने रात में खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखा और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बाद में प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। श्री खेड़ापति उत्सव समिति के तत्वावधान में बड़े हनुमान चौक पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर करीब 150 लीटर दूध का प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में रविवार को बस स्टैंड स्थित न्यू लायंस क्लब की ओर से पोहे और दूध का वितरण किया गया। छोटे हनुमान चौक पर भी श्रद्धालुओं को दूध का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, शेखर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, अमित चौधरी, श्याम ठाकुर, रमेश ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, इंदर सिंह ठाकुर, दुर्गेश राठौर, भादर सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गरबा प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के न्यू लायंस क्लब, बस स्टैंड पर बालिकाओं द्वारा माता के भजनों पर डांडिया एवं आकर्षक गरबे की प्रस्तुति दी गई। नौ दिवस तक मां की भक्ति में पंडाल के सामने गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पाद-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। सभी कन्याओं को भोजन करवाया गया और उसके पश्चात समिति द्वारा लाए गए उपहार सभी बालिकाओं को भेंट किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद छोटू लाल लोधी, अजय माली, सोहन पाटीदार, सहित आदि गणमान्य लोग एवं समिति सदस्य मौजूद रहे। आभार पार्षद रोहित जायसवाल ने माना।

माता की अखंड ज्योत का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



शारदीय नवरात्रि के बाद से पांच दिनों तक प्रज्वलित अंबे माता की अखंड ज्योत का सोमवार को भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच कालीसिंध नदी स्थित श्री पिपलेश्वर घाट पर विसर्जन किया गया। नगर के तीन मंदिरों में वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।शरद पूर्णिमा की रात से अलसुबह तक मंदिरों में माता के भजनों का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद सुबह 11 बजे बजरंग चौराहे स्थित माहेश्वरी समाज मंदिर, राठौर समाज मंदिर और गढ़ी स्थित नामदेव छीपा समाज मंदिर से अखंड ज्योत को सिर पर धारण कर श्रद्धालु पिपलेश्वर घाट पहुंचे। घाट पर आरती के बाद गरबों की मटकियों और पवित्र ज्योत का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। सोनकच्छ में अंबे माता की ज्योत विसर्जन की परंपरा आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। गढ़ी स्थित नामदेव छीपा समाज के गरबे की परंपरा 164 वर्ष, माहेश्वरी समाज की 114 वर्ष और राठौर समाज की 65 वर्ष पुरानी है।

एथलेटिक्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न



देवास। संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के निर्देश पर सोमवार को उनके ही निज निवास पर कॉरपोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी आयोजनों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने संगठन की भूमिका पर जोर दिया गया। कॉर्पोरेशन का मोनो और नया टीशर्ट भी जारी किया गया। नवंबर माह में राष्ट्रीय स्तर पर 13 खिलाड़ी हैदराबाद भाग लेने जा रहे हैं जिसका प्रतिनिधित्व कोच रेनू सिंह और हर्षित गौड़ करेंगे। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित होगी। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़, सचिव मनोज सिंह, विनोद सिंह नामदेव, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, अंकित अमजेरिया, सुभाष पेंटर, विनोद सिंह, सुमित जोशी एवं होशियार सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कांटाफोड़ में निकाला गया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर में अनुशासन और उत्साह के साथ निकाला गया। मुखर्जी चौक से प्रारंभ हुए संचलन में पूर्ण गणवेश में शामिल स्वयंसेवक कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान स्वयंसेवकों का स्वागत भी किया गया। अनुशासित कतारों में आगे बढ़ते स्वयंसेवकों ने संगठन की एकजुटता और अनुशासन का परिचय दिया। मुखर्जी चौक से प्रारंभ हुआ संचलन नगर भ्रमण के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचा, जहां समापन कार्यक्रम हुआ।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की हुई शुरुआत

जनता के बीच अपना पक्ष रखेगी भाजपा: सेंधव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने कार्यकर्ताओं से अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एसआईआर और चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का कार्यकर्ता तथ्यों के साथ जवाब दें और जनता के बीच पार्टी का पक्ष रखें। डॉ. सेंधव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं को कमजोर किया तथा



अब विपक्ष में रहकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता तक सही जानकारी पहुंचाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले की टोली के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग टोलियों का गठन किया गया है। अभियान अंतर्गत जनसंवाद, साहित्य वितरण तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी। 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा। 'घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' कार्यक्रम के माध्यम से घुसपैठ और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर भाजपा अपना पक्ष जनता के सामने रखेगी। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से चर्चा और जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा।

2 नवंबर को सोमेश्वर मंदिर से सयाजी द्वार तक पदयात्रा

अभियान के तहत 2 नवंबर को सोमेश्वर मंदिर से सयाजी द्वार तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आमजन के शामिल होने की संभावना जताई गई है। बैठक में जिला प्रभारी धनंजय शर्मा, विधायक राजेश सोनकर, विधायक मनोज चौधरी, बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, राजीव खंडेलवाल, राजेश यादव, ओम जोशी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन मनीष सोलंकी ने किया तथा आभार महेश चौहान ने माना। उक्त जानकारी कमल अहिरवार ने दी।

सीसीटीवी फुटेज से चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



थाना सोनकच्छ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी की पहचान कर चोरी गया सामान बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, फरियादी अमन पिता अब्दुल हफीज मंसूरी, निवासी कालीसिंध मार्ग सोनकच्छ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 अक्टूबर शाम को उनके घर से गैस टंकी, नकदी और पर्स की चोरी हुई है। पर्स में आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। मामले में थाना सोनकच्छ में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसके आधार पर आरोपी यश कामले पिता राजेश कामले, निवासी राजनगर, इंदौर की पहचान की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गया मशरूका बरामद कर लिया। वारदात का खुलासा करने में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रांत झांझोट, एसआई हिमांशु पाण्डेय, प्र. आ. हरिओम यादव,राकेश दण्डोतिया, प्रकाश वसुनिया और संदीप सिंह (320) शामिल रहे।

खबर संक्षेप

पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा में 32 वर्षीय किसान जय सिंह लोधी का शव आम के पेड़ पर लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। रविवार दोपहर कचनौंदा बांध के पास शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। कल्याणपुरा निवासी करन सिंह के पुत्र जय सिंह लोधी शनिवार सुबह करीब सात बजे घर से निकले थे, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे। रविवार दोपहर करीब 12 बजे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर कचनौंदा बांध के पास आम के पेड़ पर मफलर के सहारे उनका शव लटका मिला। बताया गया कि मृतक के पिता करन सिंह भैंस लेकर उस ओर पहुंचे थे। वहां बेटे का शव देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जय सिंह खेती-किसानी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह चार बहनों और तीन भाइयों में चौथे नंबर पर थे। उनकी शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी पिछले करीब एक साल से झांसी जिले के हीरापुर गांव स्थित अपने मायके में रह रही थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शाम करीब पांच बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है। उसकी मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

रेलवे ट्रैक पर मिला मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले युवक का शव

ललितपुर। रेलवे ट्रैक पर मोबाइल रिपेयरिंग का काम करने वाले युवक संस्कार राठौर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि संस्कार को लगातार परेशान किया जा रहा था और उसे धमकियां भी दी जा रही थीं। परिजनों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच करीब छह महीने पहले समझौता भी हुआ था, लेकिन इसके बावजूद विवाद समाप्त नहीं हुआ और परेशानी जारी रही। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपों के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की है। परिजन चाहते हैं कि युवक की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियां सामने आ सकें। फिलहाल युवक की मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत की परिस्थितियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जमीन बंटवारे के विवाद में किशोरी से मारपीट मुकदमा दर्ज किया

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम पूराकलां मजरा कठौरिया खिरक में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में एक किशोरी के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर के दरवाजे पर बैठी किशोरी के साथ तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो पुरुषों और एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पूराकलां मजरा कठौरिया खिरक निवासी आयुषी पुत्री शिवचरन यादव ने बताया कि एक सितंबर 2026 को शाम करीब छह बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी हुई थी। इसी दौरान जमीन के बंटवारे को लेकर पुराने विवाद के चलते गांव के सियाराम पुत्र श्यामलाल, राजेंद्र पुत्र सियाराम और राजेंद्र यादव की पत्नी रचना वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। किशोरी ने जब गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

'महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सत्य, धर्म, न्याय व उच्च आदर्शों का मार्ग प्रशस्त करती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद में शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल निर्देशन में महर्षि वाल्मीकि जयंती पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। निर्धारित स्थलों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों का विधिवत वाचन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने जेल चौराहा स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न स्थलों जैसे टोरिया मंदिर बांसी (तालबेहट), हनुमान गढ़ी मंदिर बिरधा, पशुपति नाथ महादेव मंदिर देवगढ़, अखाड़ा मंदिर जाखलौन और बजरंग गढ़ मंदिर बानपुर में भी कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन और कार्यक्रम किए गए। उत्सव के दौरान नियुक्त नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर मौजूद रहकर कार्यक्रमों को सफलतापूक संपन्न कराया। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति और पुख्ता प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच पूरे जनपद में कार्यक्रम अत्यंत भव्य रूप से आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से रामायण पाठ का श्रवण किया और दीपदान सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनके द्वारा रचित रामायण संपूर्ण मानवता के लिए सत्य, धर्म, न्याय और उच्च आदर्शों का मार्ग प्रशस्त करती है। उनके उपदेश आज के समय में भी समाज को जोड़ने और एक नैतिक व समरस समाज के निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी प्रमुख मंदिरों, वाल्मीकि स्थलों और रामायण से जुड़े स्थानों पर पूरी गरिमा, भव्यता और अनुशासन के साथ जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि सभी निर्धारित स्थलों पर रामायण पाठ, दीपदान और पूजन-अर्चन जैसी गतिविधियां व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों, जिसमें आमजन और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। जिलाधिकारी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी नोडल अधिकारियों, समितियों के सदस्यों और जनपदवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर सुदृढ़ होती है।

बता दें कि कार्यक्रमों के आयोजन हेतु शासन के आदेशानुसार जनपद में विविध समितियों का गठन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी को अध्यक्ष/नोडल अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी, एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, ललितपुर को सदस्य बनाया गया। इसके अलावा तहसील और विकास खंड स्तर पर भी संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं शिक्षा अधिकारियों को नोडल व सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नोडल अधिकारियों ने अपने निर्धारित स्थल पर मौजूद रहकर कार्यक्रम संपन्न कराए। शासन के निर्देशों के अनुरूप महर्षि वाल्मीकि/राम मंदिर/हनुमान मंदिर तथा रामायण से संबंधित अन्य स्थलों पर दीप प्रज्वलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत 8, 12 अथवा 24 घंटे तक वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया। प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी-बिछावन आदि की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की गई।

आयोजन स्थलों पर संस्कृति विभाग के पोर्टल पर कलाकारों के नाम, मोबाइल नंबर, जीपीएस लोकेशन एवं फोटोग्राफ्स अपलोड करने की कार्यवाही भी समय-समय पर की गई जिससे शासन की मंशा के अनुरूप आयोजन की भव्यता बनी रहे। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच आमजन और श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ कार्यक्रमों में भाग लिया और महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों का श्रवण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, नागरिक गण बड़ी संख्या में श्रद्धालु फिरोज डायमंड आदि उपस्थित रहे।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

देवीजी के भंडारे में खाना बना रहे लोगों पर लाठी और डंडों से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम जाखलौन में देवीजी के भंडारे के लिए खाना बना रहे लोगों पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित बबलू अहिरवार ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती ज्ञापन देकर गांव के सात लोगों पर गाली-गलौज कर लाठी-डंडों और लोहे की वस्तु से मारपीट करने का आरोप लगाया है। हमले में उसका बायां हाथ टूट गया और सिर में आठ टांके आए हैं। उसके भाई रवि अहिरवार और विनोद अहिरवार को भी चोटें आई हैं।

एएसपी को ग्राम जाखलौन के गणेशपुरा मोहल्ला निवासी बबलू पुत्र वीरन अहिरवार ने बताया कि 21 अक्टूबर को रात करीब 11 बजे वह अपने भाई रवि पुत्र वीरन अहिरवार और विनोद पुत्र बट्टी अहिरवार के साथ देवीजी के भंडारे में खाना बना रहा था। इसी दौरान मोर्चा मोहल्ला निवासी प्रदीप पुत्र मनीराम अहिरवार, कृष्णा पुत्र प्रदीप अहिरवार, राजेंद्र पुत्र कमल अहिरवार, दयाराम पुत्र पचुआ अहिरवार, दीपू पुत्र मोहन अहिरवार, धनीराम पुत्र राजकुमार अहिरवार और रूपसिंह पुत्र राजकुमार अहिरवार वहां पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोगों ने बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने एकजुट होकर बबलू, उसके भाई रवि और विनोद के साथ मारपीट की। हमले में तीनों को शरीर और सिर में चोटें आईं। उसका बायां हाथ टूट गया और सिर में आठ टांके आए हैं।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वह शिकायत लेकर जाखलौन थाने पहुंचा और प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन उसके मुताबिक अब तक कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। उसने आरोप लगाया कि विपक्षी दबंग किस्म के हैं और उसे व उसके परिजनों को जान-माल का खतरा बना हुआ है। बबलू ने अपर पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने, कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

नेहरू नगर में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा एवं वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में नेहरू नगर में दीपक नाहर के आवास पर महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तथा मिष्ठान एवं प्रसाद वितरित कर एक-दूसरे को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समाज के प्रमुख लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके विचारों और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि एवं रामायण के रचयिता हैं। उनका जीवन समाज को सत्य, सदाचार, ज्ञान और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में अच्छे कार्य करने चाहिए। वक्ताओं ने समाज में एकता, आपसी भाईचारे और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान चौधरी दीपक घावरी, जितेंद्र शहरदार, मंजीत करौसिया, मनोहर लाल करौसिया, रमेश करौसिया, सचिन नरया, प्रेम डगौर, बृजेश नाहरिया, दीपक नाहर, सीताराम नाहर, मथूरा प्रसाद बैचेन, निखिल पिहाल, भगवानदास गांचले, विशाल पारोचे, सुमित नाहर सहित द्रोपती पाथरे, रानी नाहर, मुस्कान, बेनीबाई, अतल बाई एवं ज्योति सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। समापन प्रसाद वितरण और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ हुआ।

पथ संचलन निकाला

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शालेय विद्यार्थी कार्य विदिशा नगर के तत्वावधान में शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकाला गया। शिशु एवं बाल स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष की ताल पर अनुशासित पथ संचलन निकाला गया।

10 लाख रुपए की चोरी की रकम लौटाने वाली जीआरपी-आरपीएफ टीम सम्मानित

विदिशा। रेलवे स्टेशन पर यात्री के चोरी हुए 10 लाख रुपए के बैग को त्वरित कार्रवाई कर बरामद करने और रकम वापस लौटाने वाली जीआरपी-आरपीएफ की टीम को सम्मानित किया गया। चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, कैट मप्र और पश्चिम मध्य रेलवे सलाहकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाना परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए बड़ी रकम बरामद कर संबंधित व्यापारी को वापस सौंपी। कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विजय श्रीवास्तव, शिक्षाविद एवं पूर्व रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन सहित शहर के नागरिक मौजूद रहे। जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य, आरपीएफ टीआई राजेंद्र सिंह तथा पुलिस टीम के सदस्यों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

न्यायालय के आदेश पर महिला समेत दो पर मुकदमा दर्ज

प्लाट बेचने के नाम पर पांच लाख रुपये लेने और पैतृक जेवर हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर रुपये लेने, पैतृक सोने-चांदी के जेवर वापस नहीं करने और कार्रवाई करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। रामनगर में वृद्धाश्रम के पास रहने वाले 65 वर्षीय भगवती प्रसाद ने एक महिला समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी कर रुपये और जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। आरोपियों ने न तो प्लाट का बैनामा कराया और न ही उसकी रकम व जेवर वापस किए।

न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से ग्राम खिरिया लटकनजू, थाना महरौनी निवासी और वर्तमान में रामनगर, वृद्धाश्रम के पास ललितपुर में रहने वाले भगवती प्रसाद पुत्र रतीराम ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बेटी की शादी और अन्य कर्ज चुकाने के लिए उन्होंने क्षेत्र की सोमवती पत्नी भगवत रजक और भगत पुत्र दुर्गा रजक को 2.60 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर 29 अप्रैल 2026 को आरोपियों ने एक अर्धनिर्मित मकान और खाली प्लाट का इकरारनामा किया।

इसके बाद प्लाट के सौदे के नाम पर पांच लाख रुपये नकद ले लिए। आरोप है कि आरोपियों ने रिश्तेदार के यहां शादी में जाने की बात कहकर उनसे बंटवारे में मिले पैतृक जेवर भी कुछ दिनों के लिए ले लिए, लेकिन बाद में वापस नहीं किए। आरोपियों के पास करीब एक किलोग्राम चांदी की करधौनी, 350 ग्राम और 90 ग्राम की पायलें तथा लगभग 27.20 ग्राम वजन का सोने का हार है। पीड़ित का आरोप है कि काफी समय बीतने के बाद भी आरोपियों ने न तो प्लाट का बैनामा कराया और न ही रुपये व जेवर लौटाए। उसने जब रकम और जेवर वापस करने के लिए तकादा किया तो कथित तौर पर उसे झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जाने लगी। भगवती प्रसाद के अनुसार, उन्होंने पहले पुलिस और जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की थी। इस दौरान पुलिस की जांच के समय कथित रूप से एक माह के भीतर रुपये और जेवर लौटाने पर सहमति बनी थी, लेकिन आरोपियों ने वादा पूरा नहीं किया। 20 जुलाई को आरोपियों ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि कार्रवाई करने पर उन्हें दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सोमवती और भगत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रावतयाना में घर में घुसकर दंपती से मारपीट, टपरा गिराने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के रावतयाना इलाके में घर में घुसकर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने तथा घर के बाहर बना टपरा गिराने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के अनुसार, लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। विरोध करने पर दंपती के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रावतयाना निवासी लखन पुत्र भुन्से लाल ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात करीब 8.45 बजे वह अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के रहीस पुत्र मुन्ना और बल्लू पुत्र मकसूद कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों व महिलाओं के साथ लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि वहां पहुंचते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट होकर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इससे उन्हें अंदरूनी और बाहरी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने घर के बाहर बना टपरा भी गिरा दिया और उसकी बांस-बल्लियों से भी हमला किया। पति को बचाने के लिए पहुंची उनकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी उनके घर के सामने ही रहते हैं और आए दिन विवाद करते हैं, जिससे परिवार परेशान है। कोतवाली पुलिस ने लखन की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, भोपाल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बानपुर क्षेत्र में बानपुर-ललितपुर मार्ग पर गाईयाघाट नदी पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए 18 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक अन्य युवक भी घायल हुआ था। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बेटे की मौत के बाद अंतिम संस्कार और शोक की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पिता ने 25 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टीकरा तिवारी निवासी सादू पुत्र श्यामलाल कुशवाहा ने बताया कि 17 सितंबर 2026 की शाम करीब 6:15 बजे उनका 18 वर्षीय बेटा सोनू गांव के ही छोटेलाल पुत्र रामदयाल कुशवाहा के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूपी 94 एफ 8354 से बानपुर-ललितपुर मार्ग से घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही उनकी बाइक गाईयाघाट नदी पुल के पास मुक्तिधाम के सामने पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक कैप्सूल संख्या यूपी 94 एटी 0485 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सोनू और छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय ग्राम टीकरा तिवारी निवासी करन सिंह, प्रदीप और देशपत सहित कुछ राहगीर मौके पर मौजूद थे। उन्होंने हादसा देखा। आरोप है कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों से जानकारी मिलने पर सोनू के पिता घटनास्थल पहुंचे और घायल बेटे को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। सोनू की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। वहां से बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर और फिर भोपाल भेजा गया।

राष्ट्रीय मंसूरी समाज समिति के चौथे इज्जतीमाई शादी सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

ललितपुर में 11 जोड़ों का सामूहिक निकाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय मंसूरी समाज समिति के तत्वावधान में रविवार, 25 अक्टूबर को दरगाह हजरत बाबा सदन शाह ग्राउंड में चौथा इज्जतीमाई शादी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार 11 जोड़ों का सामूहिक निकाह संपन्न कराया गया।

इस दौरान नवविवाहित जोड़ों को मुबारकबाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन, खुशहाली और बरकत के लिए दुआएं की गईं। आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोगों और मेहमानों ने हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सौहार्द का माहौल दिखाई दिया। सम्मेलन का आगाज सुबह मिला शरीफ से हुआ। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों ने हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर चादर पेश की और अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद निकाह सम्मेलन की गतिविधियां शुरू हुईं। जैसे-जैसे निकाह के लिए जोड़े और उनके परिजन सदन शाह ग्राउंड पहुंचते गए, वैसे-वैसे कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ बढ़ती गई। सम्मेलन में ललितपुर के अलावा अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर और महोबा सहित आसपास के जिलों से भी जोड़े अपने परिजनों के साथ पहुंचे। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि सम्मेलन की व्यापक तैयारियां लगभग तीन महीने से की जा रही थीं। वहीं, कार्यक्रम स्थल सदन शाह ग्राउंड में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए पिछले तीन दिनों से लगातार तैयारियां चल रही थीं। सामूहिक निकाह में शामिल होने के लिए जोड़ों के साथ सैकड़ों की संख्या में परिजन और अन्य लोग पहुंचे। समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर पालिका के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सादगीपूर्ण विवाह को प्रोत्साहित करने के साथ आपसी सहयोग, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद और दुआओं से नवाजा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के माध्यम से सामाजिक मेल-मिलाप और सौहार्द का संदेश भी दिया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अहमद मंसूरी और दूसरे मुख्य अतिथि खुर्शीद उपस्थित रहे। सम्मेलन प्रभारी हाजी नत्थू खां ठेकेदार, हाजी शाहिद मंसूरी, मोहम्मद अजीज शहारा, मोहम्मद खां एड., हामिद मंसूरी, जावेद अख्तर, अरमान शेख, आसिफ मंसूरी, इमरान खान एड., अब्दुल शकीर, इकबाल खान मंसूरी, मुनीर खान मंसूरी, शाहिद मास्टर, जाकिर मास्टर, मुजाहिद राजा, मुख्तार रजा, अरशद मंसूरी, हैदर अली, रजब अली, जुनैद मंसूरी, इकराम मंसूरी और साहिल खान सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

महिला व उसकी मां को धमकाने का आरोप

तालाबपुरा में घर के बाहर लाठ और डंडे लेकर पहुंचे छह लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के तालाबपुरा इलाके में घर के बाहर लाठी-डंडे लेकर पहुंचकर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि छह लोग उसके घर के बाहर हंगामा करते हुए उसे और उसकी मां को गालियां देने लगे। भयभीत होकर उसने घर का दरवाजा बंद कर लिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तालाबपुरा स्थित अखाड़े के पीछे रहने वाली वंदना कुशवाहा पुत्री लक्ष्मन सिंह कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9:15 बजे वह अपने घर में लेटी हुई थीं। इसी दौरान घर के दरवाजे के बाहर तेज आवाज में गाली-गलौज होने लगी।

आवाज सुनकर जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो चंदन कुशवाहा पुत्र वृन्दावन कुशवाहा अपने पुत्रों रितिक कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, बिट्टू कुशवाहा, भोला कुशवाहा और राम कुशवाहा के साथ वहां खड़ा था। आरोप है कि सभी के हाथों में लाठी-डंडे थे। आरोपियों ने उन्हें और उनकी मां को गालियां देना शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए वह घबरा गईं और तुरंत घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

राजपूत समाज ने पहली बार दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया

राजपूत अपनी भागीदारी के साथ देश के विकास में भूमिका निभाते आ रहेः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के आवास कॉलोनी स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में दशहरा मिलन समारोह का पहली बार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रतसिंह खिलचीपुर एवं समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।इस पुनीत अवसर पर समाज की पांच बेटियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि खिलचीपुर दरबार प्रियव्रत सिंह ने कहा कि हमेशा हर युग में शुरू से राजपूत समाज ने संघर्ष किया आज भी संघर्ष जा रही है।हर युग में राजपूत सत्ता के केंद्र में रहे हैं, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता में राजपूतों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए देश के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। भगवान श्री राम ,श्री कृष्ण ने भी क्षत्रिय कुल में जन्म लिया , हर समाज के लिए संघर्ष किया है, राजपूत समाज की अपनी विशेष पहचान है जो हमेशा संघर्ष के साए के साथ हर सामाजिक की बात करता है, आधुनिक युग में भी संघर्ष करना पड़ेगा सुधार करना पड़ेगा तभी समाज आगे बढ़ेगा।

इसके लिए तलवार से नहीं कलम से हम आगे बढ़े, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजपूत धर्मशाला के लिए जो भी संभव होगा मदद की जाएगी। इस अवसर पर समाज की पांच छात्राओं को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। जिनमें कुमारी अंजू सोनगरा, कुमारी अंजना सोनगरा, कुमारी भूमिका सोनगरा, कुमारी रविंद्र शसिंह सोनगरा, कुमारी रूथिया सोनगरा का सम्मान कर कहा कि मातृशक्ति के बिना विकास संभव नहीं है। समारोह में प्रमुख रूप से ठाकुर शिवनाथ सिंह, ठा राजेंद्र सिंह रामगढ़ , ठा भगवत सिंह रामगढ़ , सरपंच कु. रानू बना , ठा हरि सिंह आगरिया , ठा रणवीरसिंह चैहान धतरावदा रायल स्कूल जीरापुर , ठा रूप सिंह, ठा देवेंद्र सिंह लखोनी, ठा भगवान सिंह धनौदा , ठा बालसिंह खेड़ा , ठा रघुवीर सिंह रुपाहेड़ा , कुंवर राजवीरसिंह सिरपोई , ठा प्रहलाद सिंह , कुंवर समर सिंह , ठा जगन्नाथ सिंह मोहन , सरपंच पप्पू सिंह चिलावाद , ठा पर्वत सिंह , मोकमसिंह बांगपुरा सहित लगभग 300 से अधिक सदस्य शामिल हुए। संचालन विक्रमसिंह राठौड़, ठाकुर लक्ष्मणसिंह चौहान तथा आभार ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान ने माना।

पेंशनर संघ का दशहरा मिलन समारोह आयोजित

जीरापुर। स्थानीय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनर भवन में रविवार को दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील अंतर्गत समस्त पेंशनरों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे पेंशनर को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी।तथा पेंशनर के स्वास्थ्य लाभ, दीर्घायु जीवन एवं खुशहाल परिवार की मंगल कामना भी की गई।इस दौरान पेंशनरों ने आपस में भी एक दूसरे के हाल-चाल जाने एवं आपस में सौहार्द्र मय वातावरण में खुशी मनाते हुए नगर वासियों के लिए मंगल मय कामना की। इसी अवसर पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने संचालन करते हुए जीवित प्रमाण पत्र बैंक में समय पर प्रस्तुत करने , नामांकन करने संबंधी अन्य जानकारियां भी दी ।जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार ने की।कार्यक्रम में पेंशनर प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार रखें, पेंशनर रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहीरवाल, गोवर्धनसिंह वर्मा, रामरतन कुशवाह, आरसी चैरसिया, गुलाबचंद सोनी सहित पेंशनर संघ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

यादव समाज ने दशहरा मिलन व शरद पूर्णिमा मनाई

कार्यकारिणी को भंग की, अध्यक्ष पद के लिए 5 युवाओं ने की दावेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

यादव समाज का जिला स्तरीय दषहरा मिलन समारोह और शरद पूर्णिमा महोत्सव रविवार को सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलेभर से समाज के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों ने शामिल होकर एक-दूसरे को बधाई दी।

इस दौरान आयोजित सभा में यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव को लेकर समिति अध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा मेरे को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, अब आगे किसी ओर का अध्यक्ष बनाया जाए। मैं अपनी वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करता हूँ। इस दौरान उन्होने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में खर्च हुए आय-व्यय का ब्योरा समिति के कोषाध्यक्ष अषोक यादव माध्यम से समाज के बीच में पेष किया। इसके बाद समाज में अध्यक्ष पद के लिए पांच युवाओं ने अपनी दावेदारी समाज के बीच में रखी, जहा पांच की आपसी खीचतान के चलते सामंजस नहीं बैठने पर समाज ने फिर से भगवानसिंह यादव को पुनः समिति का अध्यक्ष मनोनित कर कार्यकाल का आगे बढ़ा दिया।

इस अवसर समाज के जिलाध्यक्ष राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर प्रदेष अध्यक्ष रामगोपाल यादव, समाज के वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद्र यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, षिक्षक चंदरसिंह यादव मलावर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेष यादव भाटखेड़ी, पुरूषोत्तम यादव करनवास, यादव धर्मषाला उज्जैन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव सहित अन्य ने संबोधित किया। संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में समाजजन, युवा शामिल हुए।

शिवदर्शन कॉलोनी में पेयजल पाइप कार्य का शुभारंभ

क्षेत्र में पेयजल की समस्या से मिलेगी निजातः पार्षद गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



नगरपालिका वार्ड नं. 26 स्थित शिवदर्शन कॉलोनी में करीब 7 लाख रू. की लागत से निर्मित पेयजल पाईप लाईन कार्य का शुभारंभ 26 अक्टूबर, सोमवार को किया गया। शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका जलकर समिति सभापति निलेश जैन, वार्ड पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि शिवदर्शन कॉलोनी में पेयजल पाईन लाईन नहीं होने से क्षेत्र के रहवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना कई वर्षों से करना पड़ रहा था। उनके द्वारा नपाध्यक्ष गुर्जर से मांग करने पर आज इस क्षेत्र में पाईप लाईन डालने का कार्य शुरू हो गया है जिससे जल्द ही क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी व उन्हें नियमित पेयजल उपलब्ध होगा। नपा जलकल समिति सभापति निलेश जैन ने कहा कि क्षेत्र की संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी व रहवासियों की मांग पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के निर्देश पर पाईप लाईन डालने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने नगरपालिका के एरिया इंचार्ज धर्मेश राव को निर्देश दिये कि यह कार्य जल्द पूर्ण किया जाए जिससे क्षेत्रवासियों को पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर एल्डरमैन नगेन्द्रसिंह चौहान, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि किशोर शास्त्री, वार्ड अध्यक्ष कोमलदास बैरागी, कपिल माली, हेमन्त गोस्वामी, राकेश चौधरी सहित नपा इंजीनियर शाहिद मिर्जा, जलकर प्रभारी शाहीद चौधरी, नपा कर्मचारी मुकेश नामदेव, रामचन्द्र, श्यामलाल व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस की विस्तारित बैठक में अभियान का रोडमैप तैयार, गांधी चौराहे से सरदार पटेल चौराहे तक निकाला पैदल मार्च

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाएगी कांग्रेसः चरणसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



कांग्रेस के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को मंदसौर जिले में पंचायत और बूथ स्तर तक व्यापक रूप से पहुंचाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक रोडमैप तैयार किया है। अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, ब्लॉक स्तर पर बैठकें और पंचायतों में चौपाल आयोजित कर आम नागरिकों से संवाद किया जाएगा। वहीं, 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल रैली के लिए भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, मंदसौर में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिले के केंद्रीय पर्यवेक्षक चरणसिंह सापरा की उपस्थिति में आयोजित विस्तारित बैठक में अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिला संगठन प्रभारी सदाशिव यादव और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर , पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल पुष्पा भारतीय सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनआंदोलन बनाएंगेः बैठक को संबोधित करते हुए चरणसिंह सपरा ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाए और आम नागरिकों तक इसके उद्देश्य पहुंचाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के मुद्दे को गंभीर बताते हुए उन्होंने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मताधिकार की रक्षा सुनिश्चित करना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

सापरा ने कहा कि अभियान के तहत पंचायत स्तर पर चौपालें आयोजित कर लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा। मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों और विसंगतियों को सामने लाकर नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदसौर जिले में कांग्रेस का संगठन बूथ स्तर तक तैयार है और संगठनात्मक संरचना की रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान महिलाओं और युवाओं के साथ कथित अभद्रता का मुद्दा उठाते हुए इसकी निंदा की तथा कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने वाले नागरिकों के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।

समाज की एकता और शिक्षा पर दिया जोर

भव्यता के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी जन्मजयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सकल वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में गांधी चौराहा स्थित श्याम बाबा मंदिर प्रांगण में वीर शिरोमणि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जन्मजयंती अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन में समाज की माताएं, बहनें, वरिष्ठजन और युवा साथियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महिला शक्ति द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके पश्चात समाज के प्रबुद्धजनों ने जयंती के उपलक्ष्य में अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाल्मीकि सेना मार्शल कौम के प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन संभाग प्रभारी विनोद खैरालिया ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों और गुरुओं के दिखाए गए मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज समाज को राजनीतिक नेताओं की नहीं, बल्कि सच्चे सामाजिक नेतृत्व की आवश्यकता है, जो समाज के कर्मचारियों और अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से लड़ सके। थानसिंह घावरी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने जिस कलम से रामायण की रचना कर दी थी, उसी कलम को आज हमें अपने समाज के उत्थान और अधिकारों के लिए हथियार बनाना पड़ेगा। समाज के पटेल मुकेश चनाल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने सदियों तक घोर तपस्या की थी।

महाराजा अजमीढ़ देव जयंती पर स्वर्णकार समाज ने निकाला चल समारोह, सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार को स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने चल समारोह निकाला, जिसका नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।चल समारोह सुबह करीब 11 बजे बस स्टैंड स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यहां महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की पूजा-अर्चना कर आरती की गई।

शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय में आगे बढ़ने पर जोर

पूजन-अर्चना के बाद आयोजित सामाजिक चर्चा में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान समाज की आगामी गतिविधियों और विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ने, युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में स्वर्णकार समाज के प्रदेश, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवक-युवतियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मां नवदुर्गा मंडल समिति ने आयोजित किया कन्या भोज

कन्याओं को कुमकुम व अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई, चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहे पर नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर माँ नवदुर्गा मंडल समिति द्वारा माता रानी की झांकी सजाकर प्रतिदिन विशेष श्रृंगार कर पुजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को समिति के तत्वावधान में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज में नगर के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं सहित गरबा करने वाली कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कन्याओं को कुमकुम एवं अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई तथा उनके चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर उपहार भेंट किए।

कालाशाह के अलावा अन्य फरार

अवैध हथियारों के परिवहन मामले में दोषी को 3 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अवैध हथियारों के परिवहन के मामले में न्यायालय ने दोषी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह को तीन वर्ष के कठोर कारावास और कुल 7 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा के न्यायालय में सुनाया गया। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने की। अभियोजन के अनुसार 30 मार्च 2019 को ग्यारसपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति भोपाल से सागर की ओर अवैध हथियार लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से देसी पिस्टल, देशी कट्टा, आठ धारदार तलवारें और जिंदा कारतूस बरामद हुए। हथियारों के वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह के भोपाल में पिस्टल लेकर खड़े होने की जानकारी दी थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच और ग्यारसपुर पुलिस ने उसे भी पकड़ा। न्यायालय ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी को सजा सुनाई।

अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाना, निरक्षरता का कलंक मिटाना है

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान में 7,720 लोगों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राजगढ़ विकासखंड में 7,720 महिला-पुरुषों ने परीक्षा में सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाकर समाज से निरक्षरता का कलंक मिटाना है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेश, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन तथा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता के नेतृत्व में अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश नारायण सोनी एवं सह-समन्वयक दीपक चैधरी ने विभिन्न सामाजिक चेतना केंद्रों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि शिक्षित व्यक्ति अक्षर साथी बनकर इस अभियान में योगदान दे सकते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी चार-चार निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ने-लिखने में सहयोग कर सकते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर के जन शिक्षक नारायण सिंह पंवार एवं प्रदीप व्यास ने सभी से साक्षरता अभियान में सहयोग की अपील की। वहीं, विकासखंड सह-समन्वयक लोकेंद्र कोसरवार ने भी सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया। खुजनेर संकुल के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर संकुल समन्वयक विनीता जैन ने उपस्थिति दर्ज की।

शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा



हरिभूमि न्यूज. माचलपुर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षर महिला एवं पुरुषों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।परीक्षा के दौरान नव-साक्षरों में उत्साह देखने को मिला। पढ़ना-लिखना सीखने के बाद शिक्षार्थियों ने मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन में विद्यालय के शिक्षकों एवं अक्षर साथियों ने सहयोग किया।

अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्र का अवलोकन

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक ए.के. सिंह ने परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया और परीक्षार्थियों से चर्चा की। इस अवसर पर राजगढ़ के जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक सुरेश दांगी, संकुल समन्वयक बनवारी शर्मा, जन शिक्षक बालचंद दांगी एवं योगेंद्र सिंह मंडलोई सहित शासकीय कन्या हाई स्कूल माचलपुर के शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ उपस्थित रहे।इस दौरान अतिथियों ने नव-साक्षरों का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।